# भीलवाड़ा में 42 किलो डोडा-चूरा के साथ जोधपुर के दो तस्कर गिरफ्तार

## आरोपियों के पास से एक देसी पिस्टल और आठ जिंदा कारतूस भी बरामद हुए

**भीलवाड़ा, (निसं)।** जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के निर्देशन में मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सदर थाना पुलिस और एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने एक मिनी ट्रक से 42 किलो 160 ग्राम अवैध डोडा-चूरा जब्त कर जोधपुर निवासी दो युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से एक देसी पिस्टल और आठ जिंदा कारतूस भी बरामद हुए हैं।

- **जांच करने पर ट्रक के नीचे बने टूल बॉक्स और केबिन के अंदर से तीन प्लास्टिक के कट्टे बरामद हुए, इनमें अवैध अफीम डोडा-चूरा भरा हुआ था**
- **पुलिस अब यह पता लगा रही है कि डोडा-चूरा की खेप कहां से लाई गई थी और कहां पर सप्लाई होनी थी**

जानकारी के अनुसार, सदर थानाधिकारी गजेंद्र सिंह को ए.एन.टी.एफ. चौकी प्रभारी अयूब मोहम्मद से गुप्त सूचना मिली थी कि अजमेर-भीलवाड़ा रोड पर जोधड़ास चौराहे के पास एक संदिग्ध मिनी ट्रक खड़ा है, जिसमें नशीले पदार्थ होने की प्रबल संभावना है। सूचना पर पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और ट्रक की तलाशी ली। तलाशी के दौरान मिनी ट्रक की ट्रॉली में पॉलिस्टर फिल्म्स के रोल भरे हुए थे, लेकिन बारीकी से जांच करने पर ट्रक के नीचे बने टूल बॉक्स और केबिन के अंदर से तीन प्लास्टिक के कट्टे बरामद हुए। इनमें 42 किलो 160 ग्राम अवैध अफीम डोडा-चूरा भरा हुआ था। मादक पदार्थों के साथ-साथ पुलिस को आरोपियों के पास से अवैध हथियार भी मिले हैं। खलासी सीट पर बैठे युवक महिपाल के पास मौजूद नीले बैग से एक देसी पिस्टल और दो मैगजीन बरामद की गई, जिनमें आठ जिंदा कारतूस लोड थे।

पुलिस ने आरोपी राजकुमार विश्नोई निवासी गुढ़ा विश्नोईयान, थाना विवेक विहार, जोधपुर (चालक), महिपाल चौधरी निवासी एकता नगर, नांदड़ी, जोधपुर (परिचालक) को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई में सदर थानाधिकारी गजेंद्र सिंह, ए.एन.टी.एफ. प्रभारी अयूब मोहम्मद, कांस्टेबल राजाराम और नारायण (विशेष योगदान) सहित पूरी टीम की अहम भूमिका रही। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एक्ट और आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दिया है। अब यह पता लगाया जा रहा है कि यह खेप कहां से लाई गई थी और कहां सप्लाई होनी थी।

# पिकअप से नकदी चुराने के दो आरोपी युवक गिरफ्तार

**भीलवाड़ा, (निसं)।** जिले की गुलाबपुरा थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पिकअप गाड़ी का लॉक तोड़कर नकदी चुराने के मामले में दो युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने पांच फरवरी को कंवलियास स्थित एक मंदिर के बाहर खड़ी गाड़ी से करीब डेढ़ लाख रुपये उड़ा लिए थे। पुलिस अब आरोपियों से पूछताछ कर चोरी की गई राशि बरामद करने का प्रयास कर रही है।

- **आरोपियों ने पांच फरवरी को कंवलियास स्थित मंदिर के बाहर खड़ी गाड़ी के लॉक तोड़कर करीब डेढ़ लाख रुपये उड़ा लिए थे**
- **पुलिस अब इनसे यह पता लगाने में जुटी है कि चोरी की गई राशि कहां छिपाई गई है और क्या इनके साथ इस वारदात में कोई और भी शामिल था**

पुलिस के अनुसार, राजसमंद निवासी प्रवीण कुमार जोशी 5 फरवरी की शाम अपनी पिकअप लेकर गुलाबपुरा क्षेत्र में आए थे। उन्होंने अपनी गाड़ी कंवलियास स्थित त्रिदेव महादेव मंदिर के पास खड़ी की थी। इसी दौरान अज्ञात चोरों ने मौका पाकर गाड़ी के गेट का लॉक तोड़ दिया और केबिन में रखे 1 लाख 45 हजार रुपये लेकर फरार हो गए। जब पीड़ित वापस लौटा तो चोरी का पता चला, जिसके बाद गुलाबपुरा थाने में मामला दर्ज कराया गया। वारदात की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी संजय गुर्जर के नेतृत्व में टीम गठित की गई। जांच अधिकारी पृथ्वीराज ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिरों की सूचना के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी कर पप्पू सिंह (25) पुत्र जीतसिंह राजपूत और भैंरूलाल पुत्र देवीलाल मेघवंशी (दोनों निवासी मोडाजी का खेड़ा) को डिटेन किया। थाने लाकर जब संदिग्धों से कड़ाई से पूछताछ की गई, तो उन्होंने पिकअप से नकदी चोरी करने की वारदात स्वीकार कर ली। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। थाना पुलिस अब इनसे यह पता लगाने में जुटी है कि चोरी की गई राशि कहां छिपाई गई है और क्या इनके साथ इस वारदात में कोई और भी शामिल था।

# जिला कलैक्टर ने कठूमर सीएचसी में व्यवस्थाओं का जायजा लिया

**अलवर, (निसं)।** अलवर जिला कलैक्टर आर्तिका शुक्ला ने बुधवार को कठूमर का दौरा कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं, साफ-सफाई, दवा वितरण व्यवस्था एवं रोगियों को मिल रही सेवाओं का जायजा लिया।

- **निरीक्षण के दौरान अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं, साफ-सफाई, दवा वितरण व्यवस्था एवं रोगियों को मिल रही सेवाओं की जानकारी ली**



अलवर जिला कलैक्टर आर्तिका शुक्ला ने कठूमर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया।

जिला कलैक्टर आर्तिका शुक्ला ने चिकित्सा अधिकारियों और स्टाफ से चर्चा कर व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने आगामी बरसात के मौसम को ध्यान में रखते हुए भवन के जर्जर व आवश्यक हिस्सों की समय पर मरम्मत की कार्य योजना तैयार करने को कहा, ताकि बारिश के दौरान मरीजों और स्टाफ को किसी प्रकार की परेशानी न हो। इसके अलावा उन्होंने अस्पताल में आवश्यक स्वास्थ्य उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया। जिन उपकरणों की कमी है, उनकी सूची तैयार कर शीघ्र प्रस्ताव भेजने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। कलैक्टर ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने मरीजों से संवाद कर उपचार और व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इस दौरान स्थानीय प्रशासनिक अधिकारी व चिकित्सा विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

# मेहरानगढ़ दुर्ग में कल से आयोजित होगा 17वां सेक्रेड स्पिरिट फेस्टिवल

**जोधपुर, (कासं)।** विश्व की विभिन्न संगीत परम्पराओं, राजस्थान की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को एक मंच पर लाने वाला तीन दिवसीय 17 वां सेक्रेड स्पिरिट फेस्टिवल 13 से 15 फरवरी को ऐतिहासिक मेहरानगढ़ दुर्ग में मेहरानगढ़ म्यूजियम ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित होगा। इस फेस्टिवल में भारतीय व अन्तर्राष्ट्रीय कलाकार अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करेंगे।

- **दुर्ग में गूंजेगी देश-विदेश के ख्यातिनाम संगीतकारों की स्वर लहरियां**
- **इस आयोजन में देश व विदेश के कलाकारों द्वारा प्रदर्शन होगा**

मेहरानगढ़ म्युजियम ट्रस्ट के प्रशासक कर्नल अजय सिंह शेखावत ने बताया कि फेस्टिवल पूर्व नरेश गजसिंह व गॉर्डन मैथ्यू संनर स्टिंग के संरक्षण में आयोजित होगा। फेस्टिवल निदेशक बाईजीलाल प्रिंसेज शिवरंजनी राज्ये व एलेक्जेंड्रा डी. फैडावल एवं आर्टिस्ट डायरेक्टर एलेन वेबर होंगे। सेक्रेड स्पिरिट फेस्टिवल के संरक्षक गजसिंह द्वितीय ने कहा कि इस बात की खुशी व हर्ष का अहसास हो रहा है कि 17वां सेक्रेड स्पिरिट फेस्टिवल 13 से 15 फरवरी को ऐतिहासिक व अपनी भव्यता व विरासत के लिए प्रसिद्ध मेहरानगढ़ दुर्ग में आयोजित हो रहा है। इस आयोजन में देश व विदेश के कलाकारों द्वारा आध्यात्मिक सूफी संगीत और नृत्य व भारतीय विरासत का शानदार प्रदर्शन होगा। इस फेस्टिवल में राजस्थानी संगीतकारों और विदेशी कलाकारों के बीच जुगलबंदी रोमांचित करने वाले क्षण रहेगा। जोधपुर के मेहरानगढ़ में आयोजित यह फेस्टिवल अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के देशी व विदेशी कलाकारों की भागीदारी से कला, संस्कृति व विरासत का अन्तर्राष्ट्रीय मंच बन गया है।

फेस्टिवल के आर्टिस्ट डायरेक्टर फ्रांस के एलेन वेबर ने बताया कि जोधपुर में आयोजित यह फेस्टिवल महाराजा गज सिंह का जोधपुर में दर्शकों के लिए एक बड़ा तोहफा व अवसर है। उन्होंने फेस्टिवल के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि सेक्रेड स्पिरिट फेस्टिवल कुछ वर्षों से अंतरराष्ट्रीय कल्चर प्रोग्राम कैलेंडर में शुमार होने लगा है। उन्होंने बताया कि समय-समय पर दर्शकों के सुझावों के आधार पर फेस्टिवल कार्यक्रमों में बदलाव कर और अधिक बेहतर व रोचक बनाने का लगातार प्रयास किया जाता है। उन्होंने बताया कि जोधपुर का सेक्रेड फेस्टिवल (सूफी फेस्टिवल) ने दुनिया के चार बड़े फेस्टिवल में शुमार है। अब तक पुर्तगाल, मोरक्को व फ्रांस में ही इसका आयोजन होता था।

सेक्रेड स्पिरिट फेस्टिवल में चीन के लिंगलिग वेनेकी गू, जियान ठाुई लू, क्लेमेंट जैनी, स्पेन के एपेरनलोपेज, अनाइस ओलिववेरास, टर्की के मेटे एडमैन, एमरेइसिक, तजाकिस्तान के अक्नाजर अलोवातोव, कुशबख्त नियजोन, वेहरूज सकारोव व जिल्वा दिवलो, ईरान के नगीब शानबेहजादेह, ट्ययूनिशिया के जींद जौरी सहित कई देशों के कलाकार आएंगे। वहीं जोधपुर के साबिर खान, पंजाब के प्रसिद्ध लेखक व कवि एवं सूफी गायक मदन गोपाल सिंह, पंजाब की रजिया सुल्तान, बैंगलोर के मशहूर वायलिन कम्पोजर अंबी सुब्रमण्यम, गिटार वादक व संगीतकार कोणार्क रेड्डी, अनवर खान मांगणियार, मुजफ्फर रहमान, मुस्तफा खान, हनीफ खान, घेवर खान मांगणियार सहित अनेक कलाकार शिरकत करेंगे। वहीं महाराजा गजसिंह पर लिखित पुस्तक का विमोचन होगा। महाराजा गज सिंह जी (द्वितीय) के जीवन और उनके द्वारा विरासत संरक्षण पर केन्द्रित पुस्तक "बापजी: महाराजा ऑफ जोधपुर मारवाड़: दी किंग हू वुड बी मैन" लेखक अमन नाथ व योगी वैद्य द्वारा लिखी गई है। इस पुस्तक में लेखक द्वारा उनके बचपन से लेकर एक आधुनिक महाराजा के रूप में मारवाड़ की विरासत के संरक्षण व संवर्द्धन की यात्रा का वर्णन है। इसमें उनके जीवन के सभी पहलुओं को कवर किया गया है।

## पत्नी, बेटों ने सहमति कर नेत्रदान संपन्न कराया

**कोटा, (निसं)।** दो माह पूर्व विज्ञान नगर, निवासी ट्रांसपोर्ट व्यवसायी विनय कुमार छाबड़ा के बड़े भाई राजेंद्र छाबड़ा के आकस्मिक निधन के उपरांत संस्था शाईन इंडिया फाउंडेशन के माध्यम से उनका नेत्रदान संपन्न हुआ था। विनय का भी हृदयाघात से आकस्मिक निधन हो गया।

नेत्रदान की, सरल और रक्त विहीन प्रक्रिया को, प्रारंभ से ही परिवार के सदस्य जानते थे। इसीलिए जैसे ही संस्था के ज्योति मित्र श्याम दीवाना ने विनय कुमार की पत्नी सविता, बेटे मनीष और अंकुश से नेत्रदान की चर्चा की तो परिवार ने तुरंत सहमति दे दी। श्याम की सूचना पर संस्था सदस्यों की ओर से घर पर नेत्रदान की प्रक्रिया संपन्न हुई। विनय के अचानक देवलोक गमन जाने से पंजाबी समाज में शोक की लहर आ गई। मंगलवार दिन रात लाल बिहारी जी का चौक, चौमुखा बाजार, बूंदी निवासी पंडित श्रीकांत शर्मा की पत्नी गीता शर्मा का आकस्मिक निधन हुआ, जिसके उपरांत बेटे लक्ष्मीकांत, शिवकांत और बेटी अनीता ने स्वप्रेरणा से गीता के नेत्रदान करवाने का निर्णय लिया। सभी की सहमति से ऋतुराज कोठीवाला स्मृति संस्थान के मधुसूदन गुप्ता को नेत्रदान प्रक्रिया संपन्न करवाने के लिए, संपर्क किया संस्था के ज्योति मित्र इदरीस बोहरा की सूचना पर देर रात श्रीकांत के निवास पर, डॉ.कुलवंत गौड़ ने नेत्रदान प्रक्रिया सम्पन्न की।

# हमले में हुये घायल की मौत, सर्व समाज में भारी आक्रोश

## घायल जगदीश सिंह का उदयपुर के चिकित्सालय में उपचार चल रहा था

**भीलवाड़ा, (निसं)।** भीलवाड़ा जिले के मांडल थाना क्षेत्र के चतरपुरा भादू गांव में विगत एक फरवरी की रात को एक परिवार पर हुए हमले में घायल हुए जगदीश सिंह ने बीती रात दम तोड़ दिया। जगदीश सिंह का उदयपुर के चिकित्सालय में उपचार चल रहा था। उनकी मृत्यु की सूचना के बाद रावणा राजपूत समाज सहित सर्व समाज में गहरा आक्रोश है।

- **मांडल थाना क्षेत्र के चतरपुरा भादू गांव में एक फरवरी की रात को 50-60 असामाजिक तत्वों ने एक परिवार पर हमला किया था**
- **हमलावरों ने घर में आगजनी कर आतंक मचाया था, इस हमले में जगदीश सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया था**

जानकारी के अनुसार एकफरवरी की रात को चतरपुरा भादू में लगभग 50-60 असामाजिक तत्वों ने जगदीश सिंह के घर में अनाधिकृत प्रवेश कर महिलाओं एवं पुरुषों के साथ कुल्हाड़ी और सरियों से जानलेवा हमला किया था। हमलावरों ने घर में आगजनी कर आतंक मचाया था। इस हमले में जगदीश सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। समाज के प्रतिनिधियों ने बताया कि पीड़ित परिवार द्वारा 25 से 30 आरोपियों के विरुद्ध नामजद रिपोर्ट दर्ज करवाने के बावजूद पुलिस प्रशासन द्वारा अब तक मात्र 1-2 व्यक्तियों को ही हिरासत में लिया गया है।

पुलिस की इस सुस्त कार्यप्रणाली और मुख्य आरोपियों को अब तक गिरफ्तार न किए जाने को लेकर समाज में भारी नाराजगी है। मृतक जगदीश सिंह को न्याय दिलाने और सभी हत्यारों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग को लेकर 11 फरवरी को प्रात: दस बजे भीलवाड़ा के महात्मा गांधी अस्पताल की मोर्चरी पर सर्व समाज और रावणा राजपूत समाज द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान सभी 30 आरोपियों की 24 घंटे के भीतर गिरफ्तारी हो, पीड़ित परिवार को सुरक्षा एवं उचित मुआवजा प्रदान किया जाए, मामले की जाँच हेतु विशेष टीम का गठन किए जाने की मांग की गई। समाज के पदाधिकारियों ने चेतावनी दी है कि जब तक प्रशासन ठोस कार्रवाई का आश्वासन नहीं देता और आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

# फैक्ट्रियों से ट्रांसफार्मर चोरी करने वाले चार आरोपी गिरफ्तार

**अलवर, (निसं)।** अलवर जिले में फैक्ट्रियों से ट्रांसफार्मर चोरी करने वाले गिरोह को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को पकड़ा है। आरोपियों के पास से करीब तीन क्विंटल कॉपर तार और चोरी में इस्तेमाल की गई दो मोटरसाइकिल बरामद की गई हैं।

- **पुलिस ने तीन क्विंटल कॉपर और दो बाइक बरामद की**

पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी ने बताया कि यह कार्रवाई उद्योग नगर थाना पुलिस ने की है। पुलिस को सूचना मिली थी कि एमआईए औद्योगिक क्षेत्र में लगातार ट्रांसफार्मरों से कॉपर तार चोरी किया जा रहा है। सूचना के बाद पुलिस ने जांच शुरू की और तकनीकी मदद से आरोपियों को पकड़ लिया। जांच में सामने आया कि आरोपी अलग-अलग फैक्ट्रियों में चोरी करते थे। रात के समय ट्रांसफार्मर के अंदर से कॉपर तार निकालकर चोरी किया जाता था और उसे गैंग के अन्य लोगों के साथ मिलकर बेच दिया जाता था। यह एक इंटर स्टेट गैंग है, जिसमें चार आरोपियों के अलावा अन्य लोग भी शामिल हैं, जिनकी गिरफ्तारी अभी बाकी है।

जानकारी के अनुसार पांच जनवरी को आरजी एग्रो फूड फैक्ट्री, 14 जनवरी को सनमति मार्बल्स फैक्टरी , 20 जनवरी को एचबी मार्बल्स फैक्टरी, 24 जनवरी को गौरव केमिकल मिनरल फैक्टरी और 30 जनवरी को माइक्रोन इंडिया फैक्टरी से ट्रांसफार्मर चोरी की घटनाएं हुई थीं। इन मामलों में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही थी। पुलिस ने इस गैंग के चार मुख्य आरोपी बलविन्द्र सिंह, गुरविन्दर सिंह, सोनू और हरजीत उर्फ रणजीत सिंह को गिरफ्तार किया है। ये आरोपी ग्रामीण इलाकों में भी ट्रांसफार्मर चोरी की वारदातें करते थे। आरोपी दिन में फैक्टरी इलाकों की रेकी करते थे और रात में ट्रांसफार्मर से कॉपर तार काटकर चोरी करते थे। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। पुलिस को उम्मीद है कि पूछताछ में और भी चोरी की घटनाओं का खुलासा हो सकता है। फिलहाल पुलिस ने बख्तल की चौकी पर तीन कॉन्स्टेबल एक्स्ट्रा लगा दिए हैं।

# अवैध बजरी से भरे तीन ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

**निवाई, (निसं)।** पुलिस ने अवैध बजरी खनन व परिवहन की रोकथाम को लेकर अलग-अलग स्थानों से बजरी से भरे तीन ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को जब्त किया है।



बजरी से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉली को थाने में खड़ा करवाया।

थानाधिकारी घासीराम मीणा ने बताया कि पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार मीणा के निर्देशानुसार क्षेत्र में अवैध बजरी खनन व परिवहन की रोकथाम को लेकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रतनलाल भार्गव व पुलिस उपाधीक्षक रवि प्रकाश शर्मा के सुपरविजन में पुलिस की विशेष टीम का गठन किया।

टीम द्वारा अवैध बजरी खनन व परिवहन के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए गश्त के दौरान अवैध बजरी से भरे हुए एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया है। इसी प्रकार दतवास पुलिस ने बजरी से भरे दो ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया है। दतवास थानाधिकारी हीरालाल वर्मा ने बताया कि अरणिया तिराहे से बजरी से भरे दो ट्रैक्टर-ट्रॉली एवं रामचन्द्रपुरा गांव के समीप से बजरी से भरी एक ट्रॉली को जब्त किया है। जिनके चालक फरार हो गए। पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को थाना परिसर में खड़ा करवा दिया है एवं चालक व मालिक के विरूद्ध एमएमडीआर एक्ट में मामला दर्ज कर लिया है।

## अवैध खनन में लिप्त तीन गिरफ्तार

**उदयपुर, (कासं)।** भीण्डर थाना पुलिस ने अवैध खनने करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर मौके से मशीन व डंपर जब्त किए। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर चलाए जा रहे तलाशी अभियान के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना सुखवाल, पुलिस उप अधीक्षक राजेन्द्रसिंह जैन के सुपरविजन में आरपीएस रामकुमार भादू प्रोबेशनर थानाधिकारी भीण्डर, खनिज कार्य देशक धर्मपालसिंह राणावत मय टीम ने कार्यवाही करते हुए मुखबीर से मिली सूचना के आधार पर खनखेर धूणी भग्गड़ के पास पहुंच कर पोकलेन एलएनटी मशीन जब्त कर चालक पप्पूलाल मीणा व साथी शंकर मीणा खलासी प्रकाश मीणा, डंपर चालक जीवराज उर्पु जीवा एवं डंपर खलासी प्रभू मीणा को पूछताछ के बाद डिटेन किया तथा पोकलेन मशीन व डंपर जब्त कर जीवराज उर्फ जीवा मीणा पुत्र मंजीत मीणा निवासी कारवा दोवड़ा डूंगरपुर, प्रभू मीणा, प्रकाश मीणा पुत्र सुरेश मीणा निवासी हजारीगुढ़ा पारसोला प्रतापगढ़, प्रकाश पुत्र सुरेश मीणा निवासी हजारीगुढ़ा पारसोला प्रतापगढ़ को पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया।

# शराब व डीजल चोरी के आरोपी को पकड़ा

**कोटा, (निसं)।** कैथून पुलिस टीम ने चोरी के दर्ज मामले में कार्रवाई करते हुए शराब की पेटी व डीजल चोरी के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने घटना में प्रयुक्त कार को भी जप्त किया है।

ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सुजीत शंकर ने बताया कि जिला चूरू के ढाणी आशा निवासी फरियादी धमेन्द्र ने कैथून थाने में 23 दिसम्बर 2025 को रिपोर्ट दी। फरियादी ने रिपोर्ट में कहा कि वह पिकअप बोलेरो का चालक है और पिकअप में ग्रिन फाईट कैरियर के माध्यम से 70 पेटी शराब की लेकर मुम्बई जाने के लिये निकला था। रिपोर्ट में कहा कि थाना इलाके में 8 लेन पर ट्रक से टक्कर होने पर उसकी पिकअप क्षतिग्रस्त हो गई थी। फरियादी ने रिपोर्ट में कहा कि उसकी क्षतिग्रस्त वाहन पिकअप से 8 पेटी शराब और वाहन से डीजल की कोई चोरी करके ले गया। नींद की झपकी लगने से उसे घटना का पता नहीं चला। ग्रामीण एसपी ने कहा कि फरियादी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया गया। मामले का खुलासा करने के लिये ग्रामीण अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकल्याण मीणा के निर्देशन में पुलिस उपअधीक्षक राजेश ढाका के सुपरविजन में कैथून थानाधिकारी मनोज सिकरवार के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। ग्रामीण एसपी ने बताया कि गठित टीम ने तकनीकी आधार व मुखबीर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए जिला बारां के बंबूलिया कला गांव निवासी अनीष (27) को गिरफ्तार किया।

# चीता की एआई से बनी फर्जी फोटो वायरल की, युवक गिरफ्तार

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** अलीगंज गांव में मंगलवार को चीता दिखने की अफवाह फैल गई। सोशल मीडिया पर एआई से बनी फर्जी तस्वीर वायरल होने के बाद इलाके में दहशत का माहौल बन गया। इस मामले में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है।

- **गंगापुर सिटी के अलीगंज में चीता दिखने की अफवाह से दहशत फैल गई थी**

अफवाह की सूचना मिलते ही पुलिस और वन विभाग की टीम तहसीलदार मुकेश जैमन के साथ अलीगंज पहुंची। टीमों ने पूरे गांव और आसपास के खेतों में गहन सर्च ऑपरेशन चलाया। हालांकि, जांच के दौरान चीता या किसी अन्य वन्यजीव की मौजूदगी के कोई प्रमाण नहीं मिले, न ही पैरों के निशान या अन्य संकेत मिले। इसके बाद वायरल तस्वीर की तकनीकी जांच की गई, जिसमें पता चला कि यह फोटो आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) तकनीक का उपयोग करके बनाई गई थी। इस मामले में सदर थाना पुलिस ने अलीगंज निवासी शाहिल पुत्र रफीक को गिरफ्तार किया है। सदर थाना प्रभारी राधारमन गुप्ता ने बताया कि आरोपी शाहिल ने पूछताछ में स्वीकार किया है कि उसने एआई का इस्तेमाल कर चीते की फर्जी तस्वीर बनाई थी। उसने यह फोटो फेसबुक पर पोस्ट की थी, जिसका उद्देश्य केवल सनसनी फैलाना था। हालांकि, इससे ग्रामीणों में भय का माहौल बन गया और प्रशासन को मौके पर पहुंचकर स्थिति संभालनी पड़ी। अफवाह फैलने के बाद सैकड़ों ग्रामीण अलीगंज ओवरब्रिज के पास जमा हो गए थे। कई लोग अपने बच्चों और बुजुर्गों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाते दिखे। इस दौरान कुछ समय के लिए पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल रहा और लोग घरों से बाहर निकलने से बचते रहे। प्रशासन ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी जानकारी की पुष्टि किए बिना उसे आगे साझा न करें।

# खाटूश्यामजी में होटल, धर्मशालाओं एवं रेस्टोरेंट की जांच

**सीकर, (निसं)।** खाटूश्यामजी में बुधवार को खाद्य विभाग की टीम ने घरेलू गैस सिलेण्डरों के अवैद्य भण्डारण रिफलिंग के संबंध में 32 होटल, धर्मशालाओं एवं रेस्टोरेन्ट की जांच की गई। जिला रसद अधिकारी सीकर विजेंद्र पाल ने बताया कि खाटूश्यामजी नगरपालिका में मेले के दौरान होटल, रेस्टोरेंट, भण्डारा, रसोई इत्यादि पर घरेलू गैस सिलेण्डरों के व्यवसायिक दुरूपयोग को रोकने के लिए गठित जांच दल द्वारा बुधवार को आकस्मिक जांच कर कार्रवाई की गई।

मौके पर कार्रवाई में सुनीता वर्मा प्रवर्तन अधिकारी, अनुराग बैरवाल प्रवर्तन निरीक्षक एवं जयराम प्रवर्तन अधिकारी द्वारा 32 फर्मों में से 6 स्थानों पर गैस सिलेण्डरों की जांच कार्रवाई में एलपीजी की उपदर्शित मानक क्षमता 14.2 किग्रा के कुल 13 गैस सिलेण्डर होटल परिसर में असुरक्षित ढंग से चाय नाश्ता, खाना बनाने के काम में लिया जाना पाया गया।

इस कार्रवाई में क्रमश: प्रतिष्ठानों श्याम आलोक होटल से 1, बरबरीक कैंटीन से दो, काठमांडू धर्मशाला से तीन, बाबा श्याम कडी कचौरी होटल से एक, होटल कृष्ण सुदामा से पांच, श्याम रेस्टोरेन्ट से एक घरेलू गैस सिलेण्डर का वजह सबूत व्यवसायिक दुरूपयोग पाये जाने जब्त किया गया।

मौके पर प्रतिष्ठान फर्मों से पूछताछ करने पर कोई कागजात पेश नहीं किये गये ना ही कोई संतोषप्रद जवाब दिया गया। द्रवित पेट्रोलियम गैस आपूर्ति उपबंधों का प्रतिष्ठानों द्वारा उल्लंघन किया जा रहा था जिस पर वजह सबूत गैस सिलेण्डरों को मौके पर ही जब्त किया गया।

## महिला की मौत

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के प्रतापनगर थाना क्षेत्र में महिला की अकाल मौत हो गई। बुधवार को प्रतापनगर थाना क्षेत्र चन्द्रा कॉलोनी निवासी अणछीबाई (54) पत्नी उदयलाल माली की अचानक तबीयत खराब होने पर परिजनों ने उसे उपचार के लिए एमबी अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। इस पर एएसआई नरपतसिंह ने पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया।